THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WELFARE (SHRI RAMJI LAL SUMAN): (a) The Committee constituted on Right to Work in pursuance of the recommendation of National Development Council has not submitted its report so far.

(b) and (c) Do not arise.

हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन, रांची में हुई प्रगति

566. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रांची स्थित हैवी इंजीनियरिंग कार्पोरेशन (एच ई०सी) में विगत तीन वर्षों के दौरान व्यापार और उत्पादन की प्रगति क्या रही है ;

(ख) क्या सरकार का अपने कार्पोरेशन की क्षमता के विस्तार करने का विचार है ; और

(ग) वहां किस प्रकार की मशीनरी का निर्माण हो रहा है तथा इस समय कार्पोरेशन के पास कितने आर्डर (आर्डर की उपलब्ध राशि) लम्बित पड़े हैं ?

प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (श्री कमल मोरारका) : (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान एच ई सी० का उत्पादन, बिक्री और लाभ निम्नलिखित है :—

(करोड़ रुपयों में)

वर्ष	उत्पादन	बिक्री	लाभ(+) हानि(−)
1987–88	282.05	220.50	(−) 21.73
1988–89	352.67	262.51	(−) 12.53
1989–90	368.62	259.97	(−) 33.62

(ख) अपर्याप्त क्रयादेशों के कारण, एच ई सी की वर्तमान क्षमता को बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) एच०ई सी० इस्पात, कोयला, खदान, रक्षा, पावर, रेलवे और अन्य मूलभूत क्षेत्रों के लिए मशीन और उपकरण, कास्टिंग, ढलाई और सी एन सी मशीन उपकरणों सहित मशीन उपकरणों का निर्माण करती है। कम्पनी के पास दिनांक 1–12–1990 को 401 करोड़ रु० के क्रयादेश थे जिनमें से अप्रैल से अक्तूबर, 1990 के बीच प्राप्त क्रयादेशों का मूल्य 125 करोड़ रुपये था।

प्रसार भारती अधिनियम का लागू किया जाना

567. **श्री शंकर दयाल सिंह :**
श्री गुरुदास दासगुप्त :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने प्रसार भारती अधिनियम को पूर्णतया लागू कर दिया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?